प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज ससंद में आर्थिक सर्वेक्षण 2025–26 करेंगी पेश– केंद्रीय बजट 2026–27 रविवार को किया जायेगा पेश।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पहली फरवरी को पेश होने वाले केंद्रीय बजट में राज्य को विभिन्न सौगात मिलने की उम्मीद।
- सरकारी स्कूलों में कार्यरत दृष्टिबाधित कर्मचारी अब मैनुअल तरीके से लगा सकेंगे हाजिरी, शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश।
- लाहौल की विभिन्न घाटियों में हालड़ा उत्सव की धूम। आज तोद घाटी में हर्षोल्लास के साथ होगा उत्सव का आयोजन।
- प्रदेश में हुई बर्फबारी के बाद 4 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 8 सौ 85 सड़कें यातायात के लिए बाधित– 3 हजार 2 सौ से अधिक बिजली ट्रॉसफार्मर ठप्प।

आर्थिक सर्वेक्षण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2025–26 पेश करेंगी। मुख्य आर्थिक सलाहकार के मार्ग दर्शन में वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग ने इस सर्वेक्षण को तैयार किया है। आर्थिक सर्वेक्षण देश की मौजूदा अर्थिक स्थिति और भविष्य के दृष्टिकोण की एक व्यापक समीक्षा है। केंद्रीय बजट 2026–27 रविवार को पेश किया जाएगा। बजट सत्र का पहला चरण अगले महीने की 13 तारीख तक चलेगा। बजट का दूसरा चरण 9 मार्च से 2 अप्रैल तक होगा। बजट सत्र के दौरान 30 बैठकें होंगी।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि पहली फरवरी को पेश होने वाले केंद्रीय बजट में राज्य को राजस्व घाटा अनुदान और जी.एस.टी कंम्पनसेशन सैस में बढ़ोतरी की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से केंद्र पर निर्भर हिमाचल जैसे राज्यों को केंद्र से सौगात मिलेगी।

इसके अलावा लोक निर्माण मंत्री ने केंद्रीय बजट में राज्य को केंद्र द्वारा आपदा के दौरान घोषित 15 सौ करोड़ रूपये मिलने की भी उम्मीद जताई है।

हवाई सेवा

प्रदेश में हवाई सेवाओं को मजबूत करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के दृष्टिगत राज्य सरकार ने दिल्ली–शिमला और शिमला–धर्मशाला मार्ग पर हवाई सेवाओं के नियमित संचालन का निर्णय लिया है। यह उड़ानें सप्ताह भर संचालित होंगी और इनका निरंतर संचालन सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा हर साल 31 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। एक सरकारी प्रवक्ता ने शिमला में ये जानकारी देते हुए बताया कि बेहतर हवाई सेवाओं से पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा और राज्य के समग्र आर्थिक विकास में सहायता मिलेगी। प्रवक्ता ने बताया कि शिमला व धर्मशाला के लिए विश्वसनीय हवाई सेवाओं से प्रशासनिक कार्यप्रणाली को मजबूती मिलेगी और आपात स्थितियों व प्राकृतिक आपदाओं के दौरान समय पर प्रतिक्रिया सुनिश्चित होगी।

सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम

नाहन विधानसभा क्षेत्र के बनेठी में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन उद्योग मंत्री हर्षबर्धन चौहान की अध्यक्षता में आज आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाई जायेगी। इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा पैंशन की ई–केवाईसी और अन्य सेवायें ऑनलाईन माध्यम से प्रदान की जायेगी। इसके तहत 11 पंचायतों की समस्याओं व मांगों को उद्योग मंत्री के समक्ष रखा जायेगा।

दृष्टिबाधित कर्मचारी

राज्य सरकार ने सरकारी स्कूलों में कार्यरत दृष्टिबाधित कर्मचारियों को बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करवाने में हो रही कठिनाईयों को उनकी उपस्थिति मैनुअल तरीके से दर्ज करवाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में शिक्षा विभाग के निदेशक आशीष कोहली ने सभी उप–निदेशकों को निर्देश जारी करते हुए इन आदेशों को अपनी अधीनस्थ सभी कार्यालयों और स्कूलों तक पहुंचाने और इनका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ई–सेवा मिशन द्वारा 10 मई 2023 को जारी अधिसूचना के अनुसार जब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था तय नहीं की जाती तब तक दृष्टिबाधित कर्मचारियों की उपस्थिती मैनुअल तरीके से दर्ज की जायेगी।

हालड़ा उत्सव

लाहौल की विभिन्न घाटियों में इन दिनों 6 दिवसीय पारम्परिंक हालड़ा उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। नव वर्ष के स्वागत के रूप में मनाया जाने वाला ये उत्सव एक फरवरी तक आयोजित किया जायेगा। तिनन और रंगलो घाटी के बाद अब लाहौल की तोद घाटी में ये उत्सव आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। परम्परा के अुनसार हालड़ा फैंकने की रस्म रात 12 बजे निभाई जायेगी जो घाटी में बुरी शक्तियों के विनाश और खुशहाली का प्रतीक मानी जाती है।

पुरस्कार.

हिमाचल प्रदेश पुलिस ने पिछले 24 घंटों के दौरान आपातकालीन सेवा ईआरएसएस–112 के तहत औसत रिस्पॉन्स टाइम में पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश पुलिस को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह असाधारण सफलता प्रदेशभर में तैनात ईआरएसएस–112 टीमों और पुलिस थानों के अधिकारियों व कर्मचारियों की पेशेवर दक्षता, निष्ठा और उत्कृष्ट टीमवर्क का सशक्त प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अत्यंत चुनौतीपूर्ण पर्वतीय भौगोलिक परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद प्रदेश पुलिस ने नागरिकों को सबसे तेज आपातकालीन सहायता प्रदान करके देश में नाम कमाया है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज हल्के बादल छाये हुए हैं। हालांकि बीते दिन प्रदेश के ऊँचाई वाले क्षेत्रों में हुई बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में वर्षा से समूचा प्रदेश शीतलहर की चपेट में हैं। भारी बर्फबारी के चलते प्रदेश में चार राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 8 सौ 85 सड़कें यातायात के लिए बंद है। इसके अलावा तीन हजार 2 सौ 37 बिजली ट्रांसफार्मर ठप्प होने से कई स्थानों पर विद्युत आपूर्ति भी बाधित है। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान राज्य के उच्च व मध्यपर्वतीय क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की बर्फबारी व बारिश की संभावना जताई है। उधर कुल्लू जिला के मनाली उपमंडल में खराब मौसम को देखते हुए आज भी सभी शिक्षण संस्थान बंद रहेगें।

सुर्खियां समाचार पत्रों से..........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरो को प्रमुखता दी हैं.....

अमर उजाला का शीर्षक है– आर.एल.ए. के क्लर्क की आईडी से खुद कर रहे थे वाहनों का सत्यापन –बिलासपुर के बाद सोलन में फर्जी पंजीकरण का खेल।

पंजाब केसरी की एक खबर है–हिमाचल में पंचायतों में नियुक्त होंगे प्रशासक–पंचायती राज विभाग ने 2 प्रस्ताव सरकार को भेजे।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–प्रदेश में पांच साल बाद हैवी स्नोफॉल, पांगी में ग्लेशियर गिरने से 2 वाहन लापता, तीन दुकानें टूटी।

दैनिक जागरण के शब्द है– भरमौर–पांगी में तीन जगह हिमस्खलन, तीन दुकानें व दो वाहन दबे।

हिमाचल पुलिस आपातकालीन सेवाएं देने में पूरे देश में पहले नंबर पर दिव्य हिमाचल की एक खबर है।

हिमाचल में पंचायतों में नियुक्त होंगे प्रशासक शीर्षक से पंजाब केसरी लिखता है– पंचायती राज विभाग ने 2 प्रस्ताव सरकार को भेजे।

''अंत में मुख्य समाचार''

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज ससंद में आर्थिक सर्वेक्षण 2025–26 करेंगी पेश– केद्रीय बजट 2026–27 रविवार को किया जायेगा पेश।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पहली फरवरी को पेश होने वाले केंद्रीय बजट में राज्य को विभिन्न सौगात मिलने की उम्मीद।
- सरकारी स्कूलों में कार्यरत दृष्टिबाधित कर्मचारी अब मैनुअल तरीके से लगा सकेंगे हाजिरी, शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश।
- लाहौल की विभिन्न घाटियों में हालड़ा उत्सव की धूम। आज तोद घाटी में हर्षोल्लास के साथ होगा उत्सव का आयोजन।
- प्रदेश में हुई बर्फबारी के बाद 4 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 8 सौ 85 सड़कें यातायात के लिए बाधित– 3 हजार 2 सौ से अधिक बिजली ट्रॉसफार्मर ठप्प।